सारस के लिये बाड़ा और स्टफ वाइल्ड एनमिल म्यूज़ियिम

चर्चा में क्यों?

20 जुलाई, 2022 को उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह की अध्यक्षता में हुई शहीद अशफाक उल्ला खाँ प्राणी उद्यान समिति की बैठक में उद्यान में प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस के लिये बाड़ा और स्टफ वाइल्ड एनमिल म्यूज़ियिम बनाने का निर्णय लिया गया।

प्रमुख बिंदु

- शहीद अशफाक उल्ला खाँ प्राणी उद्यान में प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस के लिये 25 लाख रुपए से बाड़ा बनाया जाएगा। रेस्क्यू किये गए सारस को चिड़ियाघर में रखा जाएगा।
- इसके अलावा बैठक में 25 लाख रुपए की लागत से इंटरपटिशन सेंटर के विकास को भी मंज़ूरी दी गई, जहाँ अन्य कार्यों के साथ स्टफ वाइल्ड एनमिल म्यूज़ियिम का निर्माण किया जाएगा।
- बैठक में प्राणी उद्यान के निदेशक डॉ. एच. राजा मोहन ने बताया कि सारस का बाड़ा बनाने के लिये केंद्रीय प्राणी उद्यान प्राधिकरण को पत्र भेजकर अनुमति मांगी जाएगी।
- 121 एकड़ क्षेत्रफल में बने इस प्राणी उद्यान में 58 प्रजाति के 387 वन्य जीव-जंतु रखे गए हैं। यहाँ बब्बर शेर, घड़ियाल, हिरन, भालू, गीदड़, चीता विभिन्न प्रकार के बंदरों आदि जानवरों के लिये बाड़े और गुफा बनाए गए हैं। मछलियों के लिये एक्वेरियम भी बनाए गए हैं।
- इसके अलावा प्राणी उद्यान में एशिया के विभिन्न देशों से आने वाली रंग-बिरंगी तितलियों के लिये भी घर बनाए गए हैं। ऐसा पहली बार है कि किसी प्राणी उद्यान में तितलीघर बनाया गया है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 मार्च, 2021 को गोरखपुर ज़िले में पूर्वांचल के एकमात्र प्राणी उद्यान 'अशफाक उल्ला खाँ प्राणी उद्यान' का लोकार्पण किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/storks-and-stuff-wild-animal-museum-for-crane